# कार्यालय जनपद न्यायाधीश,बिजनौर

## निविदा सूचना

जनपद न्यायालय,बिजनौर के कम्प्यूटर सिस्टम के यू0पी0एस0 की 12 वोल्ट 26 ए0एच0 की 104 बैट्रियॉ ( under buy back scheme ) क्रय की जानी है। बैट्रियॉ एक्साईड अथवा नवान्टा से सम्बंधित इच्छुक पंजीकृत फर्म/ कम्पनी से सील्ड बंद निविदायें दिनांक 29.2.2016 तक अपरान्ह 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म एवं सम्बंधित शर्ते दिनांक 28.01.2016 से 29.02.2016 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः साढे दस बजे से अपरान्ह चार बजे के मध्य केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय,बिजनौर से अंकन 100/--रूपये नगद जमा कर अथवा आन लाईन प्राप्त किये जा सकते हैं परन्तु आन लाईन प्राप्त निविदा फार्म के सम्बन्ध मे भी अंकन 100 रू0 का भुगतान निविदा देते समय करना होगा। प्राप्त निविदायें दिनांक 01–03–2016 को अपरान्ह साढे चार बजे निविदा समिति के सभी सदस्यों के समक्ष खोली जायेंगी। निर्धारित फार्म के अतिरिक्त अन्य प्रारूप पर प्रेषित निविदायें स्वीकार्य नहीं होगी। निविदा हेतु धरोहर पॉच हजार रूपये नगद अथवा उक्त धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो जनपद न्यायाधीश,बिजनौर के नाम देय हो,केन्द्रीय नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय बिजनौर में निविदा के साथ जमा करना होगा जो निविदा स्वीकृत न होने की दशा में उसी दिन या अगले कार्यदिवस में निविदाकर्ता को वापस कर दिये जायेंगे।

बैटरियों का विवरण व निविदा के नियम व शर्ते जनपद बिजनौर की अधिकारिकवेबसाईटecourts.gov.in/bijnorपर उपलब्ध है। निविदा के नियम व शर्ते उपरोक्त वेबसाईट केन्द्रीय नजारत के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| (महेन्द्र सिंह) | (आलोक कुमार पाराशर) | Sandeep Jain 28/1/16<br>(संदीप जैन) |
| अपर जिला जज/सदस्य | अपर जिला जज/सदस्य | अपर जिला/अध्यक्ष |
| क्रय समिति | क्रय समिति | क्रय समिति |

**प्रतिलिपिः**

1.माननीय जिला न्यायाधीश,बिजनौर को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ

2.सूचनाअधिकारी बिजनौर को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

3.प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग जनपद बिजनौर को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु।

4.केन्द्रीय नाजिर को सभी सार्वजनिक स्थल/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु

Approved 28/1

जनपद न्यायाधीश बिजनौर

# जनपद न्यायालय,बिजनौर
## यू0पी0एस0की बैट्री हेतु निविदाओं के नियम एवं शर्तें

1. माननीय जनपद न्यायाधीश,बिजनौर के आदेश दिनांक 22-01-2016 के अनुपालन में जनपद न्यायालय बिजनौर हेतु 104 बैट्रियॉ कय किये जाने के सम्बंध में वित्त विधि अंक 2011 के भंडार कय नियम पैरा 11 एवं 12 में निहित प्राविधानों के अधीन दिनांक 29-02-2016 तक निविदायें आमंत्रित की जाती है।

2. यू0पी0एस0 की बैट्री हेतु सभी प्राप्त निविदायें दिनांक 01-03-2016 को उक्त समिति के समक्ष सांय चार बजे जनपद न्यायालय बिजनौर के केन्द्रीय हाल में समिति की देखरेख में खोली जायेगी।

3. जनपद न्यायालय बिजनौर की यू0पी0एस0की 12 वोल्ट 26 ए0एच0 की 104 नवीन बैट्रियॉ कय किये जाने हेतु तथा इतनी ही निष्प्रयोज्य बैट्रिया वापस कय किए जाने हेतु निविदा आवेदन फार्म केन्द्रीय नजारत से अथवा जनपद न्यायालय बिजनौर की वैबसाइट से अपलोड कर प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन फार्म शुल्क 100रूपये है । वैबसाइट से प्राप्त निविदा फार्म के सम्बन्ध मे भी आवेदन शुल्क 100 रूपये निविदा देते समय देय होगा।

4. धरोहर धनराशि अंकन पॉच हजार रूपये नगद,बैंक ड्राफट या भारतीय पोस्टल आर्डर के रूप मे जनपद न्यायाधीश बिजनौर के पक्ष में जमा की जा सकती है। वित्तीय नियम संग्रह खॅड- पॉच भाग 1 के पैरा 71 के अनुसार जमानत धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्रों,राष्ट्रीयकृत बैंकों की मियादी जमा रसीद,बैंक जमा रसीदें इत्यादि के रूप में भी जमा की जा सकती है।

5. निविदाओं के नियम एवं शर्तो को किसी भी कार्य दिवस में केन्द्रीय नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय बिजनौर से समय साढे दस बजे से सांय साढे चार बजे तक अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा के सम्बन्ध मे केन्द्रीय नाजिर श्री जरगाम अली जैदी से उनके मोबाईल नम्बर 9012454522 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है ।

6. मुहर बन्द निविदा ही स्वीकार्य होगी, खुली निविदा स्वीकार नही होगी।

7. आधी अधूरी निविदा स्वीकार नही होगी ।

8. टेण्डर स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्मो / व्यापारी/ कम्पनियो द्वारा स्वीकृत कार्यो को समिति द्वारा निर्धारित अवधि मे न किए जाने पर सम्बन्धित फर्मो/ व्यापारी/ कम्पनिया द्वारा जमा की गयी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा उचित प्रतिपूर्ति वसूल कर ली जायेगी । इस सम्बन्ध मे माननीय जनपद न्यायाधीश बिजनौर का निर्णय अन्तिम होगा

9. समिति को बिना कोई कारण बताए किसी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार प्राप्त होगा ।

10. निविदा कर्ता द्वारा सभी दरे प्रति बैट्री अनुमन्य कर सहित दी जायेगी तथा टेण्डर स्वीकार होने पर अपने खर्चे पर बैट्रियो को बिजनौर/नगीना/ नजीबाबाद पहुचाना होगा।

11. क्रय की जाने वाली बैट्रिया की संख्या घट व बढ भी सकती है ।

12. बैट्रियो की वारन्टी / गारन्टी न्यूनतम दो वर्ष की देनी होगी तथा निविदाकर्ता को वारन्टी / गारन्टी अवधि मे बैट्री खराब होने पर अपने हर्जे खर्चे पर नियत स्थान पर बैट्री को बदलना होगा ।

13. निविदाकर्ता को निष्प्रयोज्य 104 बैट्रियो को क्रय भी करना होगा तथा इनका क्रय मूल्य अपनी निविदा मे प्रति बैट्री की दर से अंकित करना होगा तथा यह मूल्य नई बैट्रियो को खरीदने वाले मूल्य मे समायोजित किया जायेगा ।

14. पुरानी बैट्री का आकार नजारत मे देखा जा सकता है तथा नई बैट्री का आकार भी पुरानी बैट्री के अनुरूप होगा ।

15. निविदाकर्ता को पेन नम्बर,टिन नम्बर,बैक खाते का विवरण देना अनिवार्य होगा तथा समस्त भुगतान अनुमन्य आयकर काटकर आन लाईन किया जायेगा

16. किसी भी विवाद की स्थिति मे न्यायक्षेत्र जनपद न्यायालय बिजनौर होगा ।

| | | |
|---|---|---|
| (महेन्द्र सिंह) | (आलोक कुमार पाराशर) 28/1/16 | Sandeep Jain 28/1/16<br>(संदीप जैन) |
| अपर जिला जज / सदस्य | अपर जिला जज / सदस्य | अपर जिला / अध्यक्ष |
| क्रय समिति | क्रय समिति | क्रय समिति |

Approved 28/1

जनपद न्यायाधीश
बिजनौर

**<u>जनपद न्यायालय,बिजनौर</u>**
**<u>निविदा आवेदन पत्र</u>**
**<u>यू0पी0एस0 के लिये 12 वोल्ट,26 ए0एच0 की बैटरी</u>**
**<u>(प्रतिष्ठित कम्पनी)</u>**

| | | |
|---|---|---|
| निविदा स्थान | केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय,बिजनौर | फोटो चस्पा करे। |

निविदा जमा करने की तिथि 28.01.16 से 29.02.16 समय अपरान्ह 4.00 बजे

निविदा खोले जाने की तिथि 01.03.16 अपरान्ह 4.30 बजे

निविदा का प्रकार 104नई बैटरी कय किये जाने तथा 104पुरानी बैट्रियों की बिकी हेतु । नई बैट्री की संख्या घट / बढ सकती है । (प्रतिष्ठित कम्पनी)

निविदाकर्ता का नाम(हिन्दी में)
(पहचान पत्र की फोटो प्रति सहित)

आवेदक का नाम (अंग्रेजी में)

आवेदक के पिता / पति का नाम

आवेदक की आयु– वर्ष लिंग

आवेदक के पत्र व्यवहार का पता

कार्यालय का पता

बैंक खाते का विवरण

पेन नम्बर
टिन नम्बर
मोबाईल नं0 / फोन नं0
निवास कार्यालय व्यवसाय

धरोहर राशि का विवरण

प्रत्येक नई बैट्री की दर समस्त कर सहित

प्रत्येक पुरानी बैट्री की दर समस्त कर सहित
नई बैट्री की कम्पनी का नाम व वारन्टी / गारन्टी की अवधि

यदि लिमिटेड कम्पनी पब्लिक लिमिटेड कम्पनी साझेदारी फर्म है तो उल्लेख करें।

आवेदक के हस्ताक्षर

| | | |
|---|---|---|
| **(महेन्द्र सिंह)** | **(आलोक कुमार पाराशर)** | **(संदीप जैन)** 28/1/16 |
| अपर जिला जज / सदस्य | अपर जिला जज / सदस्य | अपर जिला / अध्यक्ष |
| क्रय समिति | क्रय समिति | क्रय समिति |

Approved
28/1
जनपद न्यायाधीश
चित्रकूट